केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/आईपीएस/परीक्षा-2022-2023/2023 <u>30.06.2023</u>
03.07.2023

सेवा में
क्षेत्रीय निदेशक/ क्षेत्रीय अधिकारी,
सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय कार्यालय

विषय: 2022 और 2023 परीक्षाओं के लिए परीक्षा और मूल्यांकन कार्य में शामिल सभी पदाधिकारियों को एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) के माध्यम से भुगतान के संबंध में।

महोदया/महोदय,

यह 25 मार्च 2023 के परिपत्र के संदर्भ में है, जिसके तहत यह निर्देशित किया गया था कि 2022 परीक्षाओं के लिए उन पदाधिकारियों, जिनका भुगतान आईपीएस के माध्यम से संसाधित नहीं किया जा सका, को शेष भुगतान क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ऑफ़लाइन मोड में संसाधित किया जाए। 09 क्षेत्रों यानि दिल्ली (पश्चिम), भोपाल, भुवनेश्वर, नोएडा, देहरादून, अजमेर, प्रयागराज, चेन्नई और त्रिवेन्द्रम के लिए सीएनएस को छोड़कर वर्ष 2022 के लिए आईएफएस पोर्टल बंद कर दिए गए हैं।

लेकिन आज तक क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को ऑफलाइन मोड में बहुत कम भुगतान किया गया है। 2022 की परीक्षाओं के लिए जिन पदाधिकारियों का भुगतान नहीं हुआ है, वे मुख्यालय से संपर्क कर रहे हैं। पदाधिकारियों को भुगतान नहीं किये जाने को सक्षम प्राधिकार ने गंभीरता से लिया है।

क्षेत्रीय कार्यालयों की सहायता के लिए, आईपीएस में क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए गए ऑफ़लाइन भुगतान को अद्यतन करने की एक अतिरिक्त कार्यक्षमता/कार्यसुविधा शुरू की गई है। सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों से अनुरोध है कि 2022 परीक्षाओं के शेष भुगतान, जिनके लिए आईपीएस बंद हो गया है, ऑफ़लाइन मोड में किए जाएं और ऐसे भुगतानों का विवरण (यूटीआर नंबर आदि) उपरोक्त कार्यक्षमता/कार्यसुविधा के माध्यम से आईपीएस में अद्यतन किया जाए।

सभी क्षेत्रीय निदेशकों/ क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि 2022 और 2023 परीक्षाओं में शामिल सभी पदाधिकारियों को भुगतान समय पर किया जा सके -

क. 2022 परीक्षाओं के लिए-

1. क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा पहले से ही ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से किए गए भुगतान को आईपीएस में अद्यतन किया जाना चाहिए।
2. अगर अभी तक ऑफलाइन मोड से भुगतान नहीं किया गया है तो पहले भुगतान करें और उसके बाद उसकी जानकारी आईपीएस में अद्यतन करें।

ख. 2023 परीक्षाओं के लिए-

परीक्षा, 2023 का भुगतान आईपीएस के माध्यम से निर्गत किया जा रहा है। हालाँकि, सभी क्षेत्रीय निदेशक/ क्षेत्रीय अधिकारी उक्त परीक्षाओं में शामिल उन पदाधिकारियों से संपर्क करना सुनिश्चित करेंगे जिनका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है ताकि वे आवश्यक कार्रवाई कर सकें और उन्हें आईपीएस के माध्यम से भुगतान किया जा सके।

उपरोक्त कार्यों को 31.07.2023 तक पूरा किया जाना चाहिए और अनुपालन रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत की जाए।

हस्ता./-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :

1. 2022 और 2023 परीक्षा गतिविधियों में शामिल सभी पदाधिकारीगण, जिनका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, वे कृपया अपने भुगतान मामले के शीघ्र निपटान के लिए अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करें।

2. वेब एडमिन को - सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।